राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302004

क्रमांकः शैक्षणिक द्वितीय/2021/5798 दिनांकः 01/09/21

1. समस्त प्राचार्य, संघटक महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. समस्त संकाय अधिष्ठाता, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. चीफ वार्डन, छात्र एवं छात्राएं, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. चीफ प्रोक्टर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

विषयः–सत्र 2021–22 हेतु समस्त संघटक महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में नवीन प्रवेश के लिये नियम एवं सूचना।

महोदय/महोदया,

दिनांक 05.08.2021, 07.08.2021 एवं 24.08.2021 को विश्वविद्यालय केन्द्रीय प्रवेश समिति द्वारा लिए गये निर्णयों की पालना हेतु निम्नलिखित दिशा निर्देश जारी किये जाते है :–

1. प्रथम मेरिट लिस्ट दिनांक 03.09.2021 को घोषित की जायेगी। प्रथम मेरिट लिस्ट विद्यार्थियों को फीस दिनांक 06 से 08 सितम्बर, 2021 (तीन कार्य दिवस) में जमा करानी है।
2. द्वितीय मेरिट लिस्ट दिनांक 13.09.2021 को निकालनी है। द्वितीय मेरिट लिस्ट के विद्यार्थियों को फीस दिनांक 14.09.2021 से 16.09.2021 को मध्य रात्रि (11.59 बजे) तक जमा करानी है।
3. विभागों में अकादमिक सत्र 2021–22 में प्रवेशित छात्र/छात्राओं में से अगर किसी छात्र/छात्रा के माता अथवा पिता का कोविड–19 (महामारी) की बीमारी से असामयिक निधन हो गया हैं उन छात्र/छात्राओं द्वारा कोविड–19 (महामारी) से हुई मृत्यु का सम्बन्धित निकाय द्वारा जारी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर उस छात्र/छात्रा का शिक्षण शुल्क (Tuition fee) एवं परीक्षा शुल्क (Examination fee) विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जाएगा।
4. प्रवेश में मेरिट के आधार पर यदि एक मेरिट पर एक से अधिक पात्र है उस स्थिति में दसवीं कक्षा की मार्क शीट के आधार पर चयन किया जावेगा व अन्य स्थिति में यदि उपरोक्त दसवी के प्रतिशत में एक से अधिक पात्र होने पर उनकी जन्म तिथि के आधार पर जिसकी उम्र ज्यादा होगी उसकों प्राथमिकता दी जाएगी।
5. आवेदन फार्म में छात्र/छात्राओं को आधार नम्बर, ईमेल व मोबाईल नम्बर का उल्लेख करना होगा।
6. आरक्षित श्रेणी एस.सी., एस.टी., एम.बी.सी., ओ.बी.सी. व ई.डब्ल्यू.एस. के छात्रों को राज्य सरकार के नियमानुसार आरक्षण प्राप्त होगा।

समस्त विश्वविद्यालय, संघटक महाविद्यालयों से निवेदन है कि केन्द्रीय प्रवेश समिति 2021–22 द्वारा लिए गये उपरोक्त निर्णयों की पालना करें।

(डॉ. एम.सी. गुप्ता)
उप–कुलसचिव
(शैक्षणिक–द्वितीय)

क्रमांकः शैक्षणिक द्वितीय/2021/5799–5886 दिनांकः 01/09/21
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/कोर्डिनेटर (शैक्षणिक/अशैक्षणिक), राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का श्रम करें।
3. निजी सचिव, माननीय कुलपति राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. निजी सहायक, कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

01/09/21
(अनिल गुप्ता)
सहायक कुलसचिव
(शैक्षणिक–द्वितीय)